Bikaner News: कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा की कार्रवाई, फैक्ट्री से पकड़ी 24,000 बैग नकली खाद

Bikaner News: बीकानेर के गजनेर थाना क्षेत्र में नकली डीएपी फैक्ट्री पर कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने छापा मारा. इस दौरान करीब 24,000 बैग नकली खाद, बीज और रॉ मटीरियल जब्त किए गए. मंत्री ने कहा कि इसमें केमिकल मिलाकर किसानों की जमीन और फसलें बर्बाद की जा रही थीं. अजमेर किशनगढ़ में हुए छापे की जानकारी के बाद यह कार्रवाई की गई. गुजरात के लोगों की संलिप्तता की जानकारी मिली है. कृषि विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे और मंत्री ने पूरी जांच कर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए.

**बीकानेर**: राजस्थान में किसानों के हितों की रक्षा के लिए सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है. कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने बीकानेर के गजनेर थाना क्षेत्र के गंगापूरा में एक नकली डीएपी (DAP) फैक्ट्री पर अचानक छापा मारा. इस औचक निरीक्षण के दौरान, टीम ने मौके से करीब 24,000 बैग नकली खाद, बीज और अन्य रॉ मटीरियल जब्त किए, जिनकी कीमत करोड़ों में आंकी जा रही है. इस कार्रवाई से उन तत्वों को बड़ा झटका लगा है, जो किसानों की मेहनत और उनकी ज़मीन को नुकसान पहुँचा रहे थे.

Source: https://hindi.news18.com/news/rajasthan/bikaner-agriculture-minister-kirori-lal-meena-took-action-fake-dap-factory-caught-bikaner-9677152.html